# शिक्षा बोर्ड में पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामना



शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा पदोन्नत हुए अधिकारियों के साथ • सौ. बोर्ड

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं के आधार पर अधीक्षक श्रेणी द्वितीय से अनुभाग अधिकारी (अराजपत्रित) पद पर पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, कार्यकुशलता और अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. शर्मा ने विश्वास जताया कि सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाएंगे, जिससे शिक्षा बोर्ड की प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड की सफलता अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम भावना, अनुशासन तथा कार्य के प्रति समर्पण पर निर्भर करती है। पदोन्नत अधिकारियों से उन्होंने अपने अनुभव का उपयोग संगठन के हित में करने और अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करने का आह्वान किया। (जासं)

# शिक्षा बोर्ड में पदोन्नत अधिकारियों को बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी शुभकामनाएं



**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुतियों के आधार पर अधीक्षक ग्रेड-2 से अनुभाग अधिकारी, अराजपत्रित पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों से भेंट कर उनके अब तक के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि उनकी निष्ठा, कार्यकुशलता एवं अनुभव के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का ईमानदारी, पारदर्शिता एवं पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा बोर्ड की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, अनुशासन एवं कार्य के प्रति समर्पण पर आधारित है। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव का लाभ संगठन के हित में देते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड अपने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करता है तथा योग्यता एवं कर्मठता के आधार पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# "शिक्षा बोर्ड में पदोन्नत अधिकारियों को बोर्ड अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं"



दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विभागीय पदोन्नति समिति (Departmental Promotion Committee) की संस्तुतियों के आधार पर अधीक्षक ग्रेड-।। से अनुभाग अधिकारी (Section Officer), अराजपत्रित (Non-Gazetted) पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों से भेंट कर उनके अब तक के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि उनकी निष्ठा, कार्यकुशलता एवं अनुभव के आधार पर उन्हें यह महत्व पूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का ईमानदारी, पारदर्शिता एवं पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा बोर्ड की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, अनुशासन एवं कार्य के प्रति समर्पण पर आधारित है। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव का लाभ संगठन के हित में देते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड अपने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करता है तथा योग्यता एवं कर्मठता के आधार पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
10 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# शिक्षा बोर्ड में पदोन्नत अधिकारियों को बोर्ड अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विभागीय पदोन्नति समिति (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की संस्तुतियों के आधार पर अधीक्षक ग्रेड-II से अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर), अराजपत्रित (नॉन-गेजटेड) पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों से भेंट कर उनके अब तक के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि उनकी निष्ठा, कार्यकुशलता एवं अनुभव के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का ईमानदारी, पारदर्शिता एवं पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा बोर्ड की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## शिक्षा बोर्ड की सफलता अधिकारियों व कर्मचारियों का कार्य के प्रति समर्पण

बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड की सफलता उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, अनुशासन एवं कार्य के प्रति समर्पण पर आधारित है। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव का लाभ संगठन के हित में देते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करेंगे।

## शिक्षा बोर्ड करता है उत्कृष्ट कार्य की सराहना

डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड अपने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करता है तथा योग्यता एवं कर्मठता के आधार पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# "NEP-2020 एवं PARAKH के अनुरूप बोर्ड ने जारी किए मॉडल प्रश्न पत्र एवं अंक विभाजन"

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 तथा PARAKH Taxonomy के अनुरूप मार्च-2027 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के दृष्टिगत विभिन्न कक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र एवं अंक विभाजन (Marks Distribution) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं एवं दसवीं के लिए योग्यता आधारित (Competency-Based) एवं PARAKH Taxonomy के अनुरूप आधुनिक पद्धति पर आधारित मॉडल प्रश्न पत्र एवं अंक विभाजन तैयार किए गए हैं। विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की सुविधा के लिए इन्हें विषयवार बोर्ड की वेबसाइट के Download अनुभाग में उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन कक्षाओं के पाठ्यक्रम में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है तथा पाठ्यक्रम पूर्ववत ही प्रभावी रहेगा।डॉ. शर्मा ने बताया कि कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के व्यावसायिक विषयों के पाठ्यक्रम में हुए परिवर्तनों के अनुरूप संशोधित मॉडल प्रश्न पत्र भी शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। वहीं कक्षा तीसरी एवं आठवीं के पाठ्यक्रम तथा मॉडल प्रश्न पत्रों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है और वे पूर्ववत लागू रहेंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि मॉडल प्रश्न पत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीन परीक्षा प्रणाली, प्रश्नों के स्वरूप एवं अंक विभाजन की बेहतर समझ प्रदान करना है, जिससे वे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। उन्होंने सभी विद्यालयों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्रों का अध्ययन कर अपनी परीक्षा तैयारी को उसी अनुरूप आगे बढ़ाएं।

The Sunny Times

# HPBOSE UPGRADES STAR STAFFERS, DEMANDS TOP-TIER PERFORMANCE



***Sunny Mahajan | Dharamshala***

In a move that brings both fresh energy and seasoned expertise to the forefront, Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), extended his warmest congratulations to the newly minted Section Officers. These promotions, transitioning from Superintendent Grade-II to the non-gazetted Section Officer roles, come on the heels of recent recommendations by the Departmental Promotion Committee.

Meeting the promoted officers in person, Dr. Sharma didn't hold back his praise. He commended their stellar track records, noting that this new, high-stakes responsibility is a direct reward for their unwavering dedication and sharp administrative skills. He expressed absolute confidence that the group would tackle their new roles with high transparency, integrity, and total commitment, ultimately sharpening the board's day-to-day operations.

Dr. Sharma reminded everyone that the backbone of the education board's success relies entirely on rock-solid teamwork, discipline, and shared passion. He challenged the upgraded officers to use their years of experience to mentor junior staff, ensuring that the board continues to deliver top-tier, clockwork-efficient services. Wrapping up the session, the Chairman reiterated that HPBOSE values merit above all else and remains fiercely committed to giving hard-working employees the career growth they deserve.